तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

12 नियमित सफाई के लिए चलाया जाएगा अभियान



12 पूर्व मंत्री ने जन शिकायतें सुन समाधान के दिए निर्देश



### हलवाई से 56 लाख की ठगी का मामला दर्ज

**पानीपत।** वीवर्ज कॉलोनी निवासी स्वीट्स शॉप संचालक बिटकॉइन में अधिक मुनाफे के झांसे में आकर 56 लाख 24 हजार गंवा बैठे। अरूण अरोड़ा ने बताया कि उसकी फेसबुक आईडी पर एक अनिका बनर्जी नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होनी शुरू हो गई। युवती ने बिटकॉइन ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा होने के बारे में झांसा देकर उनके साथ ठगी कर ली। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस स्टैंड पर महिला यात्री के बैग से गहने चोरी

**समालखा।** समालखा बस स्टैंड पर पूजा निवासी गांव कामी जिला सोनीपत के बैग से सोने के आभूषण एक मंगलसूत्र, सोने की दो चेन और सोने की चार अंगूठियां शामिल थी चोरी हो गए। पूजा की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज किया है।

### आरोपी की निशानदेही पर असलाह सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने आर्म्स एक्ट के मामले में रिमांड पर चल रहे आरोपी की निशानदेही पर असलाह सप्लायर उत्तराखंड के रूड़की निवासी अंशुल को उत्तराखंड के रूड़की से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अवैध हथियार के साथ सोनीपत के सरगथल गांव निवासी आरोपी कृष उर्फ हन्नी व जाहरी गांव निवासी आरोपी सौरभ को गिरफ्तार किया था।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना मतलौडा की उरलना चौकी पुलिस ने गांव उरलाना कला निवासी दो युवकों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले में नामजद दूसरे आरोपी गांव कुराना निवासी अमित को को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया है।

यमुना नदी पर मेले का आयोजन पवित्र सरोवरों में स्नान

## गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डूबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर बृहस्पतिवार को यमुना नदी समेत जिले भर के पवित्र सरोवरों में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर यमुना नदी के कई घाटों पर मेले व भंडारों का आयोजन भी किया गया। बृहस्पतिवार सुबह होते ही जिले भर के हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के लापरा घाट, कमालपुर, कलानौर, जठलाना, गुमथला आदि घाटों पर अपने वाहनों में सवार होकर पहुंचना शुरू हो गए थे। शाम तक यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई।

इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र घाटों पर भंडारों का आयोजन किया। जबकि कुछ लोगों ने पंडितों को भोजन करवाकर पुण्य कमाया। वहीं, कपाल मोचन के तीर्थ सरोवरों, सरस्वती सरोवर व आदिबद्री में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की।

**नव-दंपत्तियों ने ब्राह्मणों को करवाया भोजन**

गंगा दशहरा पर्व पर खास बात यह रही कि यमुना नदी पर अधिकांश नव-दंपत्तियों ने पहुंचकर स्नान किया और ब्राह्मणों को भोजन करवाया। मान्यता है कि वर्ष भर में परिणय सूत्र में बंधने वाले नवदंपत्तियों को गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना नदी पर जाकर ब्राह्मणों को भोजन करवाने से उन्हें संतान सुख मिलता है। यही नहीं ऐसा करने से नव दंपति पर यमुना मां की असीम कृपा बनी रहती है। वहीं, छोटे बच्चों की चोटियां भी मां यमुना नदी के तट पर काटकर पूण्य कमाया गया। यमुना नदी के घाटों पर कई स्थानों पर आस्थावान लोगों द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की छबीलें लगाई गई। गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना के घाटों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। वहीं, गंगा दशहरा पर्व के मौके पर कपाल मोचन के तीनों तीर्थ सरोवरों, आदिबद्री व मुस्तफाबाद स्थित सरस्वती सरस्वती धाम पर भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य कमाया।


स्नान


खरीदारी

**तेज गर्मी में भी कम नहीं हुई आस्था**

बृहस्पतिवार को भी दिन भर आसमान से गर्मी टपकने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। श्रद्धालुओं ने दिन भर तपती गर्मी में पवित्र नदी व सरोवरों पर पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना की। जिले के साथ लगती सीमा से सटी यमुना नदी के करीब 40 किलोमीटर तक के हथनीकुंड बैराज से लेकर गुमथलाराव तक कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में जहां बच्चों के खिलौनों की अस्थाई दुकानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था वहीं, यमुना घाटों पर तरबूज व खरबूजों की जमकर बिक्री हुई।

श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर विस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं

## श्रमिक को लाभ नहीं देने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई के आदेश

### जन शिकायतों पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए।

- रेलवे कैटरिंग ठेकेदार ने वेंडर को न्यूनतम मजदूरी व अन्य लाभ न देने का मामला

विज के समक्ष अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर कैटरिंग ठेकेदारों पास कार्यरत वेंडर ने एक ठेकेदार के खिलाफ शिकायत देते हुए बताया कि उसका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उसने कहा कि ठेकेदार द्वारा उसे न्यूनतम मजदूरी दर का भुगतान नहीं किया जा रहा। इसके अलावा अन्य लाभ ईएसआई, ईपीएफ भी उसे नहीं दिए जा रहे हैं। वेंडरों का आरोप था कि पूर्व में शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इस पर श्रम मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लेते हुए मौके पर मौजूद लेबर इंस्पेक्टर को फटकार लगाई। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि "श्रम अधिकारी श्रमिकों की समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा इस मामले में ठेकेदार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस दौरान सेना से एक रिटायर्ड कर्नल ने शिकायत देते हुए बताया कि उसने डिफेंस कॉलोनी में प्लाट लिया था। मगर डीलर अब उसकी रजिस्ट्री नहीं करा रहा है। इस मामले में उन्होंने पंजोखरा थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार एयरफोर्स में कार्यरत एक जूनियर वारंट ऑफिसर ने मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसका प्लाट बोह में है। मगर पास स्थित एक डेयरी संचालक उसके प्लाट के समक्ष गोबर फेंक रहा है जिससे सारा दिन क्षेत्र में दुर्गंध रहती है। इस मामले में मंत्री विज ने नपा अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।


अंबाला। अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### प्रॉपर्टी डीलर पर 2 लाख रुपये न देने का आरोप

डिफेंस कॉलोनी की महिला ने विज को शिकायत देते हुए बताया कि उन्होंने अपना प्लाट एक डीलर को बेचा था। लगभग साढ़े छह लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। मगर डीलर ने उन्हें साढ़े चार लाख रुपए ही दिए जबकि शेष दो लाख रुपए की राशि अब तक नहीं दी गई है। इस पर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह टुंडला के लोगों ने क्षेत्र में बनी रोड पर स्पीड ब्रेकर हटाने की मांग की जिस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

बीसी बाजार की महिला ने बताया कि उसके खिलाफ एक महिला ने झूठी शिकायत पुलिस में देकर उसे प्रताड़ित किया जबकि इस मामले में पुलिस की भूमिका पर उसने सवाल उठाए। विज ने एसपी को इस मामले में जांच के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य कई शिकायतें भी आई जिस पर मंत्री अनिल विज ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## फायरिंग करने वाला बदमाश मुठभेड़ के दौरान दबोचा


अंबाला। नागरिक अस्पताल में जख्मी बदमाश को देखती जांच अधिकारी।

- टांग में गोली लगने के कारण हुआ जख्मी, सिविल अस्पताल में चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नारायणगढ़ में गोयल स्वीट्स पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के दौरान काबू कर लिया। बदमाश की पहचान प्रीत उर्फ विट्ठल कानिया के तौर पर हुई है। मुठभेड़ के दौरान विट्ठल कनिया को गोली लगी है। उसका सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गिरफ्तार आरोपी लुधियाना के डुगरी इलाके का रहने वाला है। गोयल स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट गोलीकांड मामले में सीआईए ने आरोपी को काबू करने की कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी देवी नगर इलाके में है जिसके बाद सीआईए वन की टीम ने आरोपी को घेर लिया। बताते हैं कि पुलिस पर फायरिंग कर आरोपी ने फरार होने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान उसे काबू कर लिया। विट्ठल कानिया की टांग में गोली लगी है। बता दें कि 24 मई को सुबह करीब 8 बजे गोयल स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोयल स्वीट्स- रेस्टोरेंट के संचालक को पहले ही धमकी भरा फोन आ चुका था। इसके बाद बदमाशों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पबाइक सवार दो से तीन बदमाशों ने रेस्टोरेंट के बाहर आकर अंधाधुंध फायरिंग की और फरार हो गए थे।

## जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर के गोबिंदपुरी निवासी राकेश शर्मा ने गढ़ी मुंडो की टपरियां निवासी जयसिंह पर उसकी जमीन के जाली दस्तावेज तैयार कर धोखे से अपने नाम लगवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राकेश शर्मा ने बताया कि उसके पिता हर्षपाल शर्मा ने तेजली में जमीन खरीदी थी। यह जमीन रेलवे रोड पर हरबर्ट अस्पताल और गोयल अस्पताल के बीच स्थित है। यह जमीन उसके तथा भाई राजेश कुमार के नाम म्यूनिसिपल रिकॉर्ड में भी दर्ज हो गए। आरोप है कि जयसिंह को यह जानकारी होने के बावजूद उसने 3 नवंबर 2016 को सिविल सूट नंबर 304 सीएस के तहत दावा दायर किया। इसमें न तो उसे और न ही उसके किसी हिस्सेदार को प्रतिवादी बनाया गया। जयसिंह ने कलेक्टर और तहसीलदार को प्रतिवादी बनाकर कोर्ट से आंशिक डिक्री करवा ली। इसके बाद इस आदेश को तेजली के माल रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया। जब उसे इस धोखाधड़ी का पता चला तो उसने इस आदेश को चुनौती दी। एक अप्रैल 2019 को सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश को रद्द कर दिया। जयसिंह को इस आदेश और रिकॉर्ड सुधार की पूरी जानकारी थी। फिर भी उसने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। तीन जुलाई 2024 को जयसिंह ने फिर से नगर निगम आयुक्त को आवेदन देकर खुद को जमीन का मालिक बताया। उसने पुराने आदेश का हवाला देकर नई यूनिट आईडी में अपना नाम दर्ज करवाने की मांग की। इस आवेदन के साथ उसने एक झूठा शपथपत्र भी लगाया। जो नोटरी से अटेस्टेड था।

13 जून 2024 को जयसिंह ने फिर से माल रिकॉर्ड में गिरदावरी अपने नाम करवा ली। जबकि उसे पता था कि 2016 का आदेश रद्द हो चुका है। राकेश ने तहसीलदार को जरूरी दस्तावेज देकर गिरदावरी में सुधार करवाया।

### बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार काबू

**बराड़ा।** पुलिस को बाइक चोरी की वारदातों में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने न केवल चार बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है बल्कि उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस चौकी के प्रभारी विश्वबंधु ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सरकपुर रोड पर स्थित हैफेड गोदाम के पास नाकाबंदी एक युवक को बिना नंबर प्लेट वाली बाइक समेत काबू किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल उर्फ छोटू के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की बात कबूली। बताया कि वह इसे बेचने के लिए आया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

## रेत कारोबारी को कब्जा दिलवाने का मामला गर्माया

- जिला प्रशासन के रवैये से आहत किसानों ने जताया रोष
- चार गांवों के किसान धरने में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जनपद के गांव मुस्ताबाद के रकबे में बीते दिन जिला प्रशासन द्वारा किसानों की काश्त भूमि पर रेत कारोबारी को जब्री कब्जा दिलवाएं जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। किसानों ने प्रशासन के जब्री रवैये से आहत होकर वीरवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है।

किसानों की जिस काश्त भूमि पर प्रशासन द्वारा गत दिवस कार्यवाही की गई थी उसी भूमि के समीप किसानों ने टेंट लगा कर पक्का मोर्चा लगा दिया गया है। धरने की अध्यक्षता किसान नेता प्रकाश देशवाल ने की। धरनें में ढ़ाकवाला गुजरान, मुस्ताबाद, ढ़ाकवाला रोडान, शेखपुरा के किसानों ने भाग लिया। किसानों का आरोप है कि दर्जनों किसानों की करीब 24 एकड भूमि को रेत कारोबारी को प्रशासन द्वारा जब्री तरीके से सौंपा जा रहा था। धरनारत किसानों ने ऐलान किया है कि जान देगें, पर जमीन नहीं देगें। गौरतलब है कि गत दिवस मुस्ताबाद के रकबे में भारी तादाद में सरकारी अमला भूमि पर जब्री कब्जा दिलवाने पहुंचा था। जिसके चलते प्रभावित किसानों ने एकत्रित होकर सरकारी कार्यवाही कर विरोध जताया था। इसके उपरांत सरकारी अमला बैरिंग लौट गया था। भाकियू ने किसानों की मदद करने का भरोसा दिया है।


करनाल। गांव मुस्ताबाद में धरने पर बैठे आंदोलित किसान।

**भाकियू का समर्थन**

धरने के दूसरे दिन आंदोलित किसानों के समर्थन में भाकियू नेताओं की टीम पहुंचेगी। यह जानकारी देते हुए भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अगुवाई में किसानों का जत्था पहुंचेगा।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर राम सिंह मुस्ताबाद, रविंद्र कुमार, दयालचंद, गौरव, गुलशन कुमार, रणजीत सिंह, राजा, कुलदीप सिंह, राजू ढ़ाकवाला गुजरान, नरेश कुमार, सुशील शर्मा, मनोहर लाल, पाला राम, सेठपाल, अनिल कुमार ढ़ाकवाला रोड़ान, नानूराम, ओमपाल, गोपीचंद, महाबीर देशवाल शेखपुरा सहित काफी संख्या में शामिल थे।

श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब के धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी : झींडा

## प्रकाश पर्व पर सात दिवसीय समागम आज से

- पंज प्यारों की अगुवाई में 11 जून को नगर कीर्तन सजाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मीरी पीरी के मालिक धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर होने वाले सात दिवसीय धार्मिक समागम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुरुक्षेत्र में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में यह समागम 6 जून से प्रारंभ होगा।

यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने दी। उन्होंने बताया कि समागम 6 से 12 जून तक चलेगा, जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से हजारों की गिनती में संगत पहुंचेगी। समागम के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी 6 जून को, दूसरी लड़ी की शुरूआत 8 जून और अंतिम व तीसरी लड़ी 10 जून होगी, जबकि तीसरी लड़ी का समापन 12 जून होगा। इस दौरान 10 गुरुद्वारा साहिब ढाडी दिवान सजाया जाएगा, जबकि 12 को धार्मिक कीर्तन करवाया जाएगा। 11 जून को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा।

समागम के दौरान भाई जगतेश्वर सिंह पटियाला वाले, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी का कविशरी जत्था भाई गुरमीत सिंह, बीबी कवलजीत कौर मसकीन का ढाडी जत्था, श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई जबरतोड़ सिंह व भाई सतिंदरपाल सिंह, भाई सुमनदीप सिंह व गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हैड ग्रंथी भाई बेअंत सिंह संगत के दर्शन करेंगे।



कुरुक्षेत्र। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को प्रकाश पर्व का निमंत्रण पत्र देते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व अन्य।

**दिल्ली की सीएम को निमंत्रण पत्र**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने का न्यौता को दिया है। उन्होंने वीरवार को दिल्ली में पहुंच कर दोनों नेताओं को निमंत्रण पत्र दिया। प्रधान के साथ हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, प्रधान साहिब के निजी सचिव शमशेर सिंह, हरियाणा कमेटी के पूर्व मैंबर विनर सिंह साहा भी मौजूद रहे। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता एवं कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की ओर से शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान भी किया गया।

### गबन के आरोप में स्कूल के प्रिंसिपल तीन दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुए फीस गबन के आरोप पर प्रधानाचार्य नीरज बाली को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस फीस की रकम व मामले से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी। प्रधानाचार्य के फोन और लैपटॉप के जरिये यह जानकारियां जुटाई जाएंगी। प्रधानाचार्य को उत्तर प्रदेश के वृंदावन से गिरफ्तार किया था। इस मामले में एक अध्यापक शैली और क्लर्क मोहित आर्य को पहले ही हिरासत में ले लिया गया है। इसमें अध्यापक जमानत पर चल रही है। तीसरा आरोपी सुपरिंटेंडेंट राजेश अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। स्कूल के प्रबंधक की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रधानाचार्य सहित चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। इसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

- 14 मई को पाबनी रोड पर दो बाइक टकराने से हुआ था हादसा
- पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के पाबनी रोड पर 14 मई को दो बाइक की भिड़ंत में घायल हुए मलिक रायपुर निवासी 33 वर्षीय रणजीत की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में रणजीत का दोस्त हरदीप व दूसरी बाइक का चालक संदीप भी घायल हुए थे। जिन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मलिक रायपुर निवासी गुरमेज ने बताया कि उसका छोटा भाई रणजीत सिंह का दूध डेयरी का काम था। 14 मई को उसका भाई रणजीत सिंह अपने दोस्त बाल छप्पर निवासी हरदीप सिंह के साथ बाइक पर अपने बिजनेस के संबंध में सरावां गया था।

उसी दिन शाम को वह वापस गांव लौट रहे थे। जब उसका भाई व उसका दोस्त पाबनी बस अड्डे के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई रणजीत व दोस्त हरदीप सिंह व दूसरी बाइक का चालक महेश्वरी निवासी संदीप सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख उसके भाई रणजीत को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान देर शाम उसके भाई रणजीत की मौत हो गई।



यमुनानगर। एडीआर सेंटर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए।

## मेयर ने पौधारोपण व योग कर स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# योग से होती है शरीर की शुद्धि : बहमनी

### गांव भटौली के सरकारी स्कूल में हुआ एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटौली में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर के बाद पौधारोपण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के निर्देशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटौली में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने शिरकत की।

उन्होंने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया केवल कहावत नहीं बल्कि एक व्यावहारिक जीवन दर्शन है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा कादियान ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों और उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योग प्रशिक्षक शिव कुमार सैनी द्वारा योगाभ्यास सत्र का संचालन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ ग्रामीण नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा आयुष विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. सतपाल बहमनी ने कहा कि योग दिवस को पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसके लाभों से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर राज्य भर में चल रही पूर्व योग दिवस गतिविधियों का हिस्सा है। शिविर के समापन के उपरांत एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### इन्होंने लगाए पौध

मेयर सुमन बहमनी, डॉ. सतपाल बहमनी, वार्ड पार्षद रीना रस्तोगी, योग शिक्षिका रीना सिंघल, पूर्व सरपंच राजबीर, समाजसेवी अरुण कंबोज सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने पौधे रोपित किए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन पौधारोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल व हरित हरियाणा सेल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढाने के लिए पौधे रोपित किए गए। साथ ही ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भाग लिया। बायो साइंस विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता कौशिक ने बताया कि पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। साथ ही लोगों को उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाता है। वेबिनार के दौरान प्रतिभागियों को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उसे कम करने की दिशा में उचित कदम उठाने के बारे में विस्तार से समझाया गया। कैमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक हर्ष ने कहा कि प्लास्टिक को रि यूज करके पर्यावरण संरक्षण को बढावा दिया जा सकता है। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. किरण शर्मा ने पेडों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर डॉ. मनमीत, डॉ. तन्वी, मनिका सेठी उपस्थित रहीं।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज पौधारोपण करते प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## पौधरोपण से प्रदूषण को नियंत्रित करने में मिलती है मददः डिमरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी ने पौधरोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

जिला विधिक सेवा प्राधिकर यमुनानगर के तत्वावधान में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर एडीआर सेंटर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकर यमुनानगर के अध्यक्ष और जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी ने हार श्रृंगार के पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर वृक्षों की हमारे जीवन में महत्तवता पर प्रकाश डालते हुए वहां मौजूद सभी न्यायिक अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना व भूमि की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से जलवायु परिवर्तन को कम करने और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी ने कहा कि वृक्षारोपण से प्राकृतिक सुंदरता बढ़ती है और वन्यजीवों को एक सुरक्षित आवास मिलता है। उन्होंने कहा कि पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और भूमि की जल स्तर क्षमता को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर सभी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, सिविल जज सीनियर डिवीजन व अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## पौधारोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश



यमुनानगर। मुकंदलाल कॉलेज में रादौर में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. महेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण किया। कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि हमे अपने पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा रखना चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ व साफ रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाए जाने चाहिएं। हम जितने ज्यादा पेड़ लगाएंगे उतना ही तापमान कम होगा और अधिक पेड़ वर्षा लाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे धरतीमाता का श्रृंगार हैं। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी हर वर्ष पौधे लगाने की शपश ग्रहण की। वहीं, महाविद्यालय परिसर में भी पौधारोपण किया गया। ये रहे मौजूद

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्य भी मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर मनाया योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



यमुनानगर। रादौर में पौधरोपण कर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लंबी उम्र की कामना करते हुए सैनी समाज के सदस्य।

- आदित्यनाथ ने 22 वर्ष की अवस्था में सांसारिक जीवन त्याग कर संन्यास लिया

सैनी समाज रादौर की ओर से वीरवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में कार्यक्रम के तहत छायादार, फलदार व औषधीय पौधे रोपित कर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की लंबी आयु की कामना की गई। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी जिले के पंचेर गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम नंद सिंह बिष्ट है। उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र जीवन से ही हो गई थी। गढ़वाल विश्वविद्यालय से गणित विषय से बीएससी की डिग्री हासिल करने तक उनकी गिनती अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रखर कार्यकर्ताओं के रूप में होने लगी थी। आदित्यनाथ ने 22 वर्ष की अवस्था में सांसारिक जीवन त्याग कर सन्यास ग्रहण कर लिया और गोरखनाथ मंदिर के पूर्व महंत अवैद्यनाथ के सानिध्य में रहने लगे। इस अवसर पर योगराज कांबोज, अजय कश्यप, सतविंदर सिंह, जगन चौहान व हर्ष कांबोज आदि मौजूद रहे।

## छौली जोन के शराब ठेकों की नीलामी से 13 करोड़ 51 लाख का राजस्व मिलेगा

- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा की अध्यक्षता में हुई शराब के ठेकों की ई.नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में शराब के ठेकों के दस जोन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेते अधिकारी व ठेकेदार।

जिला सचिवालय के सभागार में शराब के ठेकों की ई.नीलामी प्रक्रिया के पहले चरण में वर्ष 2025.27 के लिए यमुनानगर के 55 जोन में से 10 जोन की आवंटन संपन्न की गई। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने शराब के ठेकों की ई.नीलामी प्रक्रिया की अध्यक्षता की।

ई.नीलामी प्रक्रिया के पहले चरण में व्यासपुर के छौली जोन के ठेकों की नीलामी सर्वाधिक 13 करोड़ 51 लाख 11 हजार 111 रुपये में हुई। इस जोन के लिए 13 करोड़ 36 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। वहीं, असगरपुर पहाड़ीपुर जोन के लिए राज्य सरकार द्वारा 6 करोड़ 40 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 6 करोड़ 55 लाख रुपये की बोली लगाई गई। वहीं, साढ़ौरा जोन वन के लिए 6 करोड़ 50 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 6 करोड़ 71 लाख रुपये की बोली लगाई गई। जबकि साढ़ौरा जोन टू के लिए 4 करोड़ 61 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 4 करोड़ 72 लाख 22 हजार 222 रुपये की बोली लगाई गई। इसी तरह बाकरवाला कोट जोन के लिए 3 करोड़ 91 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 3 करोड़ 93 लाख रुपये की बोली लगाई गई। इसी प्रकार मंधार मुसिंबल जोन के लिए 5 करोड़ 3 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 5 करोड़ 21 लाख 55 हजार 555 रुपये की बोली लगाई गई। सारन सरस्वती नगर जोन के लिए 9 करोड़ 30 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 9 करोड़ 61 लाख 11 हजार 111 रुपये की बोली लगाई गई। मानकपुर मुकारीबपुर जोन के लिए 7 करोड़ 52 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 7 करोड़ 77 लाख रुपये की बोली लगाई गई। रक्षक बिहार भटौली जोन के लिए 11 करोड़ 39 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। जिसके लिए 11 करोड़ 52 लाख 11 हजार 111 रुपये की बोली लगाई गई। वहीं, बस स्टैंड ईएसएस ईएलएल मार्किट जोन के लिए 12 करोड़ 99 लाख रुपये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया था।

## छात्र को उसकी पहचान व अभिव्यक्ति के आधार पर मिले सम्मान

### होली मदर स्कूल में शिक्षकों के लिए इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम में शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य वक्ता मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

- कार्यक्रम में 53 शिक्षकों ने भाग लिया। पीजीटी इंग्लिश मनदीप कौर ने किया संबोधित
- हर बच्चे को बराबर, सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रोत्साहनपूर्ण माहौल दें

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में वीरवार को शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 53 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रुप में पीजीटी इंग्लिश मनदीप कौर ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता मनदीप कौर ने कहा कि इन हाउस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को जैंडर सैंसिटिविटी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि जेंडर सेंसिटिविटी केवल लड़कों और लड़कियों के बीच समानता की बात नहीं करती है। बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि हर छात्र को उसकी पहचान और अभिव्यक्ति के आधार पर सम्मान और समान अवसर मिलें। उन्होंने मौके पर शिक्षकों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए। जिनमें उन्होंने लिंग आधारित पूर्वाग्रह, असंवेदनशील भाषा के प्रभाव, पाठ्यपुस्तकों में पक्षपात और कक्षा में व्यवहारिक भेदभाव जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और केस स्टडी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार शिक्षक अनजाने में भेदभाव कर सकते हैं और उसे रोकने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव व विचार सांझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्या मोनिका ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हम हर बच्चे को बराबर, सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रोत्साहनपूर्ण माहौल दें। यह प्रशिक्षण हमारे व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि समाज में स्थायी बदलाव की शुरुआत विद्यालय से होती है। जेंडर सेंसिटिविटी जैसे विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करना आज के समय की आवश्यकता है। ताकि हम भविष्य की एक अधिक समान और समझदार पीढ़ी तैयार कर सकें। यह प्रशिक्षण विद्यालय के समावेशी विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध होगा।

## समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का तुरंत हो रहा समाधानः गुप्ता

# जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में 9 शिकायतें आई

- सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्त व अन्य अधिकारी।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

### स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें आजाद नगर निवासी सुरजीत ने गली बनवाने की समस्या रखी, मलिकपुर निवासी अमरजीत सिंह ने पीने के पानी की पाइपलाइन डलवाने की समस्या रखी। पोटली निवासी सतीश ने डब्लयूजेसी नहर पर पुल बनवाने की समस्या रखी। शक्ति कॉलोनी निवासी सतपाल ने कानूनी कार्यवाही करने बारे समस्या रखी। मानकपुर निवासी धर्मदेव ने स्पीड ब्रेकर लगवाने बारे समस्या रखी। चाऊवाला निवासी पवन कुमार ने पंचायती जमीन से नाजायज मिट्टड्डी उठवाने बारे समस्या रखी। बिलासपुर निवासी विमल कुमार ने आरओआई की सूचना न मिलने बारे समस्या रखी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, डीआरओ तरूण सहोता, डीएमसी नगर निगम कुलदीप, डीएसपी कंवलजीत व अन्य विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## युवक को अगवा कर किया हमला, पीजीआई रैफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने घायल हो अस्पताल में भर्ती करवाया
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव करेहड़ा स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास गांव खंडवा निवासी वंश को अगवा कर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने घायल हो अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खंडवा निवासी हाकम सिंह ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे वंश को 27 मई की शाम गांव हरिपुर कांबोज निवासी साहिल अपने साथ ले गया था। रात लगभग एक बजे डायल 112 की टीम को गांव करेडा के पास जियो पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर वंश घायल हालत में मिला। उसे सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। 28 मई को गांव के पुलिसकर्मी ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजन पीजीआई पहुंचे तो वंश कोमा में मिला।

हाकम सिंह ने आरोप लगाया कि साहिल ने अपने साथियों के साथ वंश को अगवा कर उस पर हमला किया और उसे जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी साहिल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण

# प्रकृति संरक्षण की दिशा में योगदान देने के लिए लगाएं पेड़ : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला भर में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर पौधरोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने नागरिकों से अपील की कि वे प्रकृति संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने हेतु एक पेड़ अवश्य लगाएं और प्लास्टिक मुक्त कुरुक्षेत्र बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को सर्किट हाउस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम में पौधारोपण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की थी। उनका कहना था कि जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली माँ को देते हैं, उतना ही सम्मान, हमारी धरती माता को भी दें। इस अभियान को प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में प्रमुखता के साथ चलाया गया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य वायु, जल, व मिट्टी हर प्रकार के प्रदूषण की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस बार के विश्व पर्यावरण दिवस का थीम है- प्लास्टिक मुक्त धरती। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक से पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है और हमें इसके प्रति भी सचेत होने की आवश्यकता है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों को भी इससे नुकसान होगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा, पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी, गौरव सरपंच अमीन, अनिल बारना, मुकेश, राजू सेठी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।




कुरुक्षेत्र। आदेश में पर्यावरण दिवस मनाते आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस.गिल व चिकित्सकगण।

### आदेश मेडिकल कॉलेज में लगाए पौधे

*कुरुक्षेत्र। मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कालेज एवं अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आदेश आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, आदेश ग्रुप के डायरेक्टर ई.आर. गुरफतेह सिंह गिल, एम.डी. गुणतास गिल सहित वरिष्ठ चिकित्सकगणों, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थियों ने मिलकर परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अपने सम्बोधन में डा. एच.एस.गिल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का कार्य नही बल्कि यह हमारी रोजमर्रा की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर पौधा भविष्य की सांस है, और हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। डा. गिल ने यह भी कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण देने के लिए आज ही ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दौरान कालेज परिसर में चिकित्सकों, स्टाफ और छात्रों द्वारा औषधीय व छायादार पौधों का रोपण किया गया और सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।*

## नवयुग स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर समर कैंप के चतुर्थ दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। थीम 'स्वयं तथा अपने आसपास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त करना' रही। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने विद्यालय में लगे हुए पौधों को पानी दिया,उनकी देखभाल की तथा खाद बनाने के लिए एक गड्ढा खोदा और उसमें सब्जियों एवं फलों के छिलके तथा सूखे पत्ते डालकर उसे मिट्टी से ढक दिया। विद्यालय में विद्यार्थियों तथा विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्या द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष सेमिनार में ब्रह्म कुमारी बहन मधु ने बच्चों को अपने गुस्से को नियंत्रण में रखने के लिए विशेष सुझाव दिए।

### आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मीनाक्षी ने किया पौधरोपण



कुरुक्षेत्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुर्वैदिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मीनाक्षी के द्वारा गांव वालों के साथ मिलकर पौधरोपण किया गया है। आयुर्वैदिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मीनाक्षी ने बताया कि पौधरोपण करने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देना। पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं में समुदाय की सक्रिय भागीदारी जरूरी है ।

### श्री कृष्ण आयुष विवि में किया पौधरोपण




कुरुक्षेत्र। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर, उमरी रोड और होम्योपैथी क्लीनिक परिसर में 40 औषधीय पौधे रोपे गए। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को हरित योग थीम के अंतर्गत मनाया गया। कुलपति ने विद्यार्थियों से पौधरोपण करा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ना ही सच्चा योग है। गुरुवार सुबह भी विश्वविद्यालय परिसर में सभी ने एकजुटता दिखाते हुए पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें कुलपति सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्यन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर वैद्य देवेंद्र खुराना, प्रोफेसर सुरेंद्र सहरावत, उप कुलसचिव विकास शर्मा, डॉ.विवेक, डॉ. आशीष नांदल, प्रोफेसर रविंद्र अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण की रक्षा सतत जीवनशैली: बाठ



कुरुक्षेत्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र मे एक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और समाज को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि डीएसपी रोहताश कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके साथ नगर पालिका परिषद सेक्टर 3 के दुष्यंत बक्शी, बिट्टू मित्तल, राजेंद्र सैनी, एम.सी. रिंकू सैनी, केवल कृष्ण, बलविंदर सिंह एवं नरेश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाया। दुष्यंत बक्शी ने अपने संदेश में कहा कि आज के युग में हर व्यक्ति को पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आना होगा।विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने भी छात्रों और अभिभावकों से आह्वान किया कि वे एक पौधा अवश्य लगाएं और जीवन बचाएंह्व के संकल्प को अपनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यायवरण की रक्षा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक सतत जीवनशैली है।

### मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर : विनोद



कुरुक्षेत्र। 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर समाजसेवी एवं श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में 5 फलदार पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर उनके साथ कृषि वैज्ञानिक डॉ. ललिता रानी, राम गोपाल, सुरेंद्र कौर, गुरदेव सिंह, अंकित गर्ग, रितेश गुप्ता, जगवंती, प्रेम कुमार आदि भी मौजूद थे। इस अवसर विनोद गर्ग ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती जा रही है। लोगों को सांस, हृदय, फेफड़ों की बीमारियों हो रही हैं। हमें यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण हेतु पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन पौधों की देखभाल और संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेवारी है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. ललिता रानी ने भी पर्यावरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सभी ने संकल्प लिया कि नियमित रूप से अपने जन्मदिन व अन्य अवसरों पर पौधारोपण करेंगे और उन पौधों की देखभाल भी करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी : अशोक



कुरुक्षेत्र। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। संयोग से विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र सिंगला का जन्म दिन भी था। उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इस अवसर पर हिंदू शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ ऋषि राज वशिष्ठ ने कहा प्रकृति का पोषण करें, जीवन का पोषण करें। हरित पृथ्वी, स्वच्छ पृथ्वी - हमारी जिम्मेदारी।पेड़ बचाओ, कल बचाओ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक सत्यनारायण गुप्ता एवम विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा विद्यालय के कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान व गीता विद्यालय गोहाना के अध्यक्ष तिलक राज व प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना था। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल नियमित रूप से की जाएगी। विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है और इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं आज

कुरुक्षेत्र। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में खेल विभाग, शिक्षा विभाग व आयुष विभाग कुरूक्षेत्र के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय योगासन प्रतियोगिताएं 6 जून को प्रातः 8:30 बजे जिला कुरूक्षेत्र के प्रत्येक खण्ड में आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिताएं 6 आयु वर्गों में महिला व पुरूष की अलग-अलग होगी।

### डीएलएसए ने चलाया स्वच्छता अभियान

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस दौरान कीर्ति नगर में सफाई कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## एनसीसी एयर विंग कैडेट्स को दी राइफल चलाने की ट्रेनिंग

- हरियाणा के विभिन्न जिलों के स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 500 कैडेट्स की सहभागिता रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनसीसी एयर विंग कैडेटस का 10 दिवसीय कैम्प सोनीपत में 26 मई से 4 जून 2025 तक लगा। कैंप में हरियाणा के विभिन्न जिलों के स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 500 एन.सी.सी. कैडेट्स की सहभागिता रही। कैम्प में कैडेट्स को यातायात सुरक्षा एवं स्वास्थ्य रक्षा विषयों पर लेक्चर दिए गए। पायलट की ट्रेनिंग किस प्रकार होती है इस विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। एनडीए की परीक्षा देकर किस प्रकार लेफ्टिनेंट बन सकते हैं, अग्निवीर बनने के क्या फायदे हैं एवं किस प्रकार सेना में भर्ती हो सकते हैं। ऑपरेशन वेलेंटाइन एवं मिशन मंगल देशप्रेम से ओतप्रोत फिल्म दिखाई गई। कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की जैसे समूह गान, एकल नृत्य ,समूह नृत्य, निबंध लेखन एवं पेंटिंग विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए कैडेटस ने अपनी योग्यता को निखारा। राइफल चलाने की ट्रेनिंग दी गई। वॉलीबॉल टूनार्मेंट में टीम ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहां कैडेट्स ने ड्रिल एवं शूटिंग की एवं ऐरो मॉडलिंग की कक्षा में एयरक्राफ्ट बनाना सीखा।

## मां दूर्गा के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. मिश्रा श्रीदुर्गा मां के संकीर्तन और हरियाणा के पूर्व मंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पार्षद पंकज खन्ना और उनकी टीम को आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित श्रीसिद्धार्थ रामायण और श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की गई और लाल चुनरी द्वारा सभी अतिथियों को पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने सम्मानित किया। सभी के अच्छे जीवन और परिवार की सुख समृद्धि के लिए भगवान से मंगल प्रार्थना और मां दुर्गा की आरती के साथ ध्यान करवाया गया। इस शुभ अवसर पर निशा अरोड़ा, कोमल मेहरा, पायल सैनी,आशा कवात्रा ,शिमला धीमान ,भक्त सुशील तलवाड़ और संगीता तलवाड़ के साथ सभी भक्तों ने मां दुर्गा की भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया। सुरजीत कौर, अनु पाहवा, निशा अरोड़ा, सुरेन्द्र कौर, पायल सैनी, कोमल मेहरा, आशा कवात्रा, सुमित्रा पाहवा , सतपाल शर्मा, आदि के साथ सभी भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

## शुभ भावना से करें निर्जला एकादशी का व्रत : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली कुरुक्षेत्र के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि पंचांग दिवाकर के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल मास की निर्जला एकादशी का व्रत गृहस्थियों के लिए 6 जून 2025 शुक्रवार को और संन्यासियों और वैष्णव सम्प्रदाय के लिए 7 जून 2025 शनिवार को श्रेष्ठ रहेगा। सभी एकादशियों में श्रेष्ठ महत्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का है। इसे निर्जला, पांडव और भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। निर्जला एकादशी को भगवान विष्णु के लिए व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस एक दिन के व्रत से सम्पूर्ण वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल मिलता है। इस तिथि पर निर्जल रहकर यानी बिना पानी पिए व्रत किया जाता है मनसा वाचा कर्मणा शुभ भावना रखें इसीलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। व्रत करने वाले भक्त पानी भी नहीं पीते हैं। सुबह-शाम भगवान विष्णु की पूजा करते हैं क अगले दिन द्वादशी तिथि पर पूजा-पाठ और ब्राह्मण को भोजन करवाने के बाद खुद भोजन ग्रहण करते हैं। इस व्रत में बहुत गर्मी के बीच पानी नहीं पीने के कारण कठिन व्रत माना जाता है। डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस एकादशी पर श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना भी उत्तम होता है। अगर निर्जला एकादशी का व्रत न भी कर पाएं तो इस दिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करें।

## डिब्बा सहित मिठाई तोलने पर हो सकती है कार्रवाई : राणा

- अब तक तक 610 दुकानदारों को नोटिस दिए जा चुके

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा।



पिहोवा। बाट व नापतोल की जांच एंव पंजीकरण करते कर्मचारी (इनसैट में) निरीक्षक कुलदीप सिंह राणा।

जिला नापतोल विभाग द्वारा अंबाला रोड पर अग्रवाल धर्मशाला में पिछले कई दिनों से दुकानदारों के बाट व तोल की जांच कर व निर्धारित फीस लेकर पंजीकृत किया जा रहा है। विभाग द्वारा दुकानदारों को बाट व तोल की जांच करवाने के लिए नोटिस दिए गए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में दुकानदार अपने बाट व तोल की जांच करवाने पहुंच रहे हैं। जिला नापतोल विभाग के निरीक्षक कुलदीप सिंह राणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अब तक 610 दुकानदारों को नोटिस दिए जा चुके हैं जिसमें 465 दुकानदारों ने अपने बाट व तोल की जांच करवा कर निर्धारित फीस भर दी है। उन्होंने बताया कि जो दुकानदार नोटिस मिलने के बाद भी बाट व तोल की जांच नहीं करवाते तो उनके खिलाफ नापतोल अधिनियम के तहत 10 हजार रुपए तक का जुमार्ने का प्रावधान है। राणा ने बताया कि जिस किसी के बाट व तोल में गड़बड़ी पाई गई तो उस दुकानदार का चालान और उसे 20 हजार रुपए तक जुमार्ना हो सकता है।

**कार्यक्रम** गुरुकुल में प्रान्तीय आर्यवीरांगना दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर आयोजित

# 800 युवतियों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।



गुरुकुल में चल रहे प्रान्तीय आर्यवीरांगना दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर में आज सभी युवतियों का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। वेद प्रचार प्रमुख महाशय जयपाल आर्य के ब्रह्मत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी आर्य वीरांगनाओं ने जनेऊ धारण किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य, वरिष्ठ योग प्रचारक मनीराम आर्य, सूर्यदेव आर्य, जसविन्द्र आर्य, मुख्य शिक्षिका बहन अभिलाषा आर्या, बहन सुमेधा आर्या सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। जनेऊ संस्कार और जनेऊ के महत्त्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत के तीन धागे हमें अपने देवों के प्रति, हमारे ऋषियों के प्रति तथा हमारे माता-पिता के प्रति हमारे जो ऋण, कर्त्तव्य और दायित्व हैं उनका स्मरण कराते हैं। पहला ऋण माता-पिता का ऋण है, दूसरा ऋण गुरुओं का ऋण है तथा तीसरा ऋण ऋषि ऋण होता है, हमें इन तीनों ऋणों से उऋण होने के लिए अच्छे आचरण और उत्तम कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत धारण करने वाले युवा भाग्यशाली है, यह कोई मामूली धागा नहीं है मुगलकाल में वीर हकीकत राय ने वैदिक धर्म निभाते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने चोटी और यज्ञोपवीत उतारने की बजाए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी इसलिए वैदिक संस्कृति में यज्ञोपवीत का बड़ा महत्त्व है। यज्ञोपवीत संस्कार के उपरान्त सभी आर्य वीरांगनाओं ने समाज से पाखण्ड, अंधविश्वास आदि बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवतियों ने भारी संख्या में हाथों व गले में पहने हुए काले, पीले,नीले धागे, कंडे-ताबीज आदि उतारकर अंधविश्वास व पांखण्ड से दूर रहने का संदेश दिया। बता दें कि महामहिम राज्यपाल आचार्य देव्रवत की प्रेरणा एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाण के तत्त्वावधान में चल रहे प्रान्तीय आर्य वीरांगना दल शिविर में कुरुक्षेत्र, कैथल, पानीपत, जीन्द, हिसार जिलों के विभिन्न गांवों से 800 से अधिक युवतियां भाग ले रहीं हैं।

## हरियाणा कमेटी के प्रधान के गाड़ी न लेने के फैसले का किया स्वागत

कुरुक्षेत्र। सिख संगत कुरुक्षेत्र की बैठक गुरुद्वारा साहिब पाठशाही छठी कुरुक्षेत्र में हुई। इस बैठक में कुरुक्षेत्र हल्के से सभा सोसाइटियों व बुद्धिजीवी संगत के व्यक्ति एकत्रित हुए। इस दौरान कई मुद्दों पर विचार किया गया। इसके साथ ही हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह द्वारा संस्था की गाड़ी न लेने की घोषणा पर भी चर्चा हुई। संगत ने उनकी घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि महंत करमजीत सिंह के बाद चुनाव जीत कर आई कमेटी के पहले प्रधान सरदार जगदीश सिंह ने जो वीआईपी कल्चर खत्म करने का अहम निर्णय लिया है, उसका समूह संगत स्वागत करती हैं। इसी के साथ उन्होंने जो गाड़ी ड्राइवर व तेल तक न लेने का जो फैसला किया है उसका स्वागत करते हुए संगत के मौजूद व्यक्तियों द्वारा अन्य मेंबर से भी आह्वान किया कि वह भी उनके नक्शे कदमों पर चलते हुए उनके फैसले का स्वागत करें और गुरु घर की गाड़ी ड्राइवर वह तेल ना ले। उन्होंने कहा कि यह सेवा भावना का कार्य है इसलिए वह जितने भी सेवा कर सकते हैं अपने तन मन और धन से करें। इस मौके पर सरदार अमीर सिंह, मास्टर होशियार सिंह, मास्टर सर्वजीत सिंह, प्रिंसिपल करनैल सिंह, सरदार हरपिंदर सिंह विर्क, परमिंदर पाल सिंह, जितेंद्र सिंह, डॉ एमएम सिंह आदि मौजूद रहे।



### सेक्टर 8 के निवासियों ने लगाया भंडारा

कुरुक्षेत्र। सेक्टर 8 के निवासियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख बस्तियां ने भाग लिया जिनमें विधायक अशोक अरोड़ा, सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर रिटायर्ड आईएएस, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के प्रतिनिधि समाजसेवी प्रदीप झांब, जेसीआई क्लब के प्रधान राजेश वधवा, कृष्णा धमीजा, राकेश सैनी सरोज सैनी, सुभाष पाली, विनोद गर्ग, राजकुमार सैनी, लाभ सिंह, ईश्वर फतेहपुरिया आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, उर्मिला देवी विधवा गुरमेल सिंह निवासी विकास नगर मकान नं. 414/24 नजदीक एनआईटी कुरूक्षेत्र, ने अपने पुत्र पवित्र व पुत्री मेघा, को अपनी सभी चल अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। क्योंकि यह दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरे परिवार का दूसरा कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले तीन आरोपी किए काबू

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी कौशल कुमार को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। परिवादी बृज मोहन ने 12 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 मार्च 2025 को आरोपी ने उसके मकान से बिजली का सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित काबू

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में राजीव गांधी स्टेडियम के पास से अवैध हथियारों की तस्करी मामले में सीआईए-2 ने आरोपी मनदीप सिंह को देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को हथियार समेत काबू कर लिया। उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जून 2025 को आरोपी रविंद्र कुमार ने उसके घर से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### नशा तस्करों को किया गया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की अशोक विहार कॉलोनी के पास से नशा तस्करी मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी मंदीप सिंह उर्फ कालू को 420 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने घेल रोड पर नाकाबंदी कर उसे काबू किया था। तलाशी लेने पर उससे 420 ग्राम अफीम बरामद की। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसी तरह थाना पंजोखरा पुलिस ने भी नशा तस्करी के आरोपी भगवंत सिंह को 770 ग्राम डोडा चूरापोस्त व 40 ग्राम 45 मिलिग्राम अफीम सहित काबू किया है।

### नशा तस्करी मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार


**अंबाल।** थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-2 ने आरोपी पारस कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी दिल्ली से हेरोइन तस्करी कर अंबाला में सप्लाई करने का कार्य करता है। 5 दिसंबर 2022 को आरोपी अपने ग्राहकों को नशा सप्लाई करने के लिए नेशनल हाइवे नंबर 44 नज़दीक हुडा पार्क के पास खड़ा है। तब पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 260 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। तब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आरोपी की पहचान कुलभूषण उर्फ अजय के रुप में हुई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि पारस कुमार भी इस मामले में संलिप्त है ।

## परिवहन मंत्री ने शैल्टरों में लाइट व पंखें लगाने के भी दिए निर्देश

# यात्रियों की सुविधा के लिए अंबाला छावनी में 27 बस क्यू शैल्टर बनेंगे

**विज ने वीरवार को छावनी में विकास कार्यो को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला छावनी में लोकल परिवहन को पहले से भी ज्यादा सुदृढ़ करने के लिए 27 नए आधुनिक बस क्यू शैल्टर का निर्माण किया जाएगा। आधुनिक शेल्टर में यात्रियों के बैठने के अलावा सोलर एनर्जी से पंखें व लाइटें चलने की सुविधा होगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने वीरवार को छावनी में विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने ने परिवहन विभाग एवं नगर परिषद अधिकारयों के साथ 27 नए बस क्यू शेल्टर बनाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा बस क्यू शेल्टर आधुनिक बनाए जाए जिनमें यात्रियों के बैठने की व्यवस्था हो। शेल्टर ऐसे स्थानों पर बने जिससे ट्रेफिक व्यवस्था में कोई व्यवधान न पड़े। इसको लेकर उन्होंने कैंट डीएसपी को भी दिशा-निर्देश दिए।

परिवहन मंत्री विज ने कहा कि क्यू शेल्टरों का निर्माण जल्द किया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा मिले। विज ने वोल्वो बसों का स्टॉप अंबाला छावनी में करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी बस स्टैंड से हजारों यात्री प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर आते-जाते हैं। कई राज्यों की बसें यहां से गुजरती हैं। महत्वपूर्ण बस स्टैंड होने के कारण यहां पर वोल्वो बसों का स्टॉप भी अनिवार्य होना चाहिए।

विज ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसातों से पहले छावनी सदर क्षेत्र में स्टॉम वाटर पाइप लाइन की सफाई मशीनों से की जाए। सेंट्रल नाले की सफाई भी उन्होंने जल्द कराने के निर्देश दिए। 12 क्रास रोड के अलावा अन्य नालों में सफाई के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बरसात सीजन से पहले टांगरी नदी में तय स्थानों पर खुदाई पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी तल को गहरा किया जाए। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम अधिकारियों के साथ छावनी में 38 करोड़ रुपए की लागत से बिजली आपूर्ति के ढांचे को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुराने पोल व ट्रांसफार्मर जिन स्थानों पर रास्तों के बीच में लगे हैं उन्हें हटाया जाए। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार, नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र लाठर, बिजली निगम के एसई वीके गोयल, नगर परिषद ईओ देवेंद्र नारवाल, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, डीएसपी कैंट रमेश कुमार भी मौजूद रहे।

### प्रमुख नालों में सफाई करने के निर्देश

श्रम मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान नगर परिषद व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बरसातों से पहले प्रमुख नालों में सफाई कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुडगुडिया नाले में व्यापक स्तर पर सफाई की जाए तथा रेलवे स्टेशन पर लाइनों के नीचे पानी के बहाव को चेक किया जाए। इसी प्रकार रेलवे तथा सेना क्षेत्र से आगे गुडगुडिया नाले में सफाई कर पानी के बहाव को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने महेशनगर ड्रेन की सफाई के लिए नगर परिषद और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा दोनों विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में नाले की पूरी सफाई करवाए ताकि बरसातों में पानी न रूके। उन्होंने कहा अधिकारी महेशनगर पंप हाउस की कार्यप्रणाली को भी चेक करें ताकि बरसातों में पानी को आसानी से पंप कर टांगरी नदी में फेंका जा सके। इसी प्रकार उन्होंने डाइवर्जन ड्रेन तथा बब्याल पंप हाउस की कार्यप्रणाली चेक करने के निर्देश दिए।



**अंबाला।** प्रतियोगिता में नृत्य पेश करते चिनेशा जैन।

## एसए जैन मॉडल स्कूल की छात्रा चिनेशा ने फॉक नृत्य में मारी बाजी

- गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में मिला सम्मान, पहले भी जीत का लहरा चुकी है परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में अंबाला की चिनेशा जैन ने फॉक नृत्य जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नृत्य काउंसिल पेरिस-फ्रांस की सदस्य संस्था अखिल नटराजम अंतर सांस्कृतिक संघ की ओर से आयोजित की गई। चिनेशा जैन शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा हैं।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर बॉलीवुड कोरियोग्राफर वैभव घुग्घे व लावणी, प्रिंस, शुभम बोराडे ने चिनेशा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। चिनेशा को जूनियर कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार के अलावा सभी कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मेंस के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। चिनेशा ने फॉक नृत्य की माइनर कैटेगरी से लेकर सुपर मॉम कैटेगरी तक सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए बेस्ट परफॉरमेंस अवॉर्ड प्राप्त किया। चिनेशा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने फॉक गुरु अनिल महंत व अपनी क्लासिकल नृत्य गुरु अंजू मिगलानी को दिया। इससे पहले चिनेशा जैन शिमला में चार और नादेड़ साहिब में लगातार एक राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। चिनेशा जैन ने बताया कि नृत्य करना उनका शौक है। वह इस कला को आगे बढ़ाना चाहती हैं। इस मौके पर चिनेशा जैन के पिता पीयूष जैन और माता दीप्ति जैन भी मौजूद रहे।

## सीईटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल की तकनीकी खामियों से बेरोजगार हो रहे परेशान

- सरकार का सरल पोर्टल, जिससे जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनाए जाते हैं वो भी फिलहाल ठप्प पड़ा हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा सीईटी 2025 (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल तो खुल गया लेकिन युवाओं की उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया जब पोर्टल में जल्द ही तकनीकी खामियां सामने आने लगी।

इसमें सबसे चिंताजनक बात यह रही कि ऑनलाईन फ्राड करने वालों ने बेरोजगार युवाओं को भी नहीं बख्शा और पोर्टल से मिलती जुलती नकली वेबसाइट भी बना दी, जिससे युवाओं में भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई।

सरकार का सरल पोर्टल, जिससे जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनाए जाते हैं वो भी फिलहाल ठप्प पड़ा हुआ है। ऐसे में लाखों युवा अब सीईटी फॉर्म भरने में असमर्थ हैं। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वे कई दिनों से प्रयास कर रहे हैं लेकिन पोर्टल के सही काम न पाने की वजह से वे अपने जरूरी दस्तावेज नहीं बनवा पा रहे।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रवक्ता एडवोकेट अरुण बिड़लान ने इस स्थिति को प्रदेश की तकनीकी विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा, "प्रदेश के लाखों युवा पिछले कई वर्षों से सीईटी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं लेकिन यह बेहद अफसोसनाक है कि सरकार उस पोर्टल को भी दुरुस्त नहीं कर पा रही है जहां से युवाओं को फॉर्म भरना है। यह सरकार के आईटी विभाग की गंभीर विफलता है। एडवोकेट बिड़लान ने सरकार से यह भी मांग की है कि युवाओं की इन सभी समस्याओं को देखते हुए सीईटी 2025 फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को कम से कम अगले महीने तक बढ़ाया जाए ताकि सभी अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज बनवाकर आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकें।

## झाड़ियों से घिरा ट्रांसफार्मर, झुका बिजली का पोल बना खतरा

- लोगों की माने तो वे इस खतरनाक स्थिति की सूचना कई बार बिजली विभाग को दे चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




गांव तंदवाल में बिजली विभाग के ट्रांसफारर्मर और झुके डुए बिजली के खंबे लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे है। यहां एक ओर बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरों के चारों ओर भांग व ऊंची-ऊंची झाड़िया उग आई है तो वहीं दूसरी ओर गांव में लगे कई बिजली के खंबे एक ओर झुक चुके हैं। इनकी वजह से अप्रिय घटना हो सकती है। लोगों की माने तो वे इस खतरनाक स्थिति की सूचना कई बार बिजली विभाग को दे चुके हैं लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में बस अड्डे के पास लगे तीन ट्रांसफार्मर, जोगी मोहल्ले में लगे ट्रांसफार्मर के चारों ओर बड़ी-बड़ी घास उग चुकी है। ऐसे में अगर रात के समय फ्यूज उड़ जाए तो ट्रांसफार्मर के पास उगी ऊंची-ऊंची झाड़ियों को देखने के बाद कोई भी रात के वक्त में फ्यूज लगाने के की हिम्मत नहीं कर पाता।

इन ट्रांसफार्मरों को झाड़ियों के पौधों ने पूरी तरह से घेर रखा है जिससे न केवल मेंटेनेंस कार्य बाधित होता है बल्कि इनसे आग लगने जैसी घटनाएं भी हो सकती हैं। ग्रामीण सेठी, टिंकू, सतीश, पिंका, संजीव कुमार, संदीप, शीशपाल, रूपचंद ने बताया कि कई बार बिजली कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत करवाया है लेकिन आज तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं आया। बरसात के दिनों में जब घास और झाड़ियां और ज्यादा फैल जाती हैं तो ट्रांसफार्मर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ समय पहले इसी ट्रांसफार्मर से करंट लगने की वजह से एक झोटे की मौत हो चुकी है। इस खंभे के तारों में लगातार करंट प्रवाहित होता रहता है। इसके आसपास किसान खेती करते हैं। यह स्थिति न केवल खेतों में काम कर रहे लोगों के लिए, बल्कि पास से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

## सवा तीन घंटे लेट हुई गाड़ी संख्या 64563 चंडीगढ़ जाने वाले दैनिक यात्रियों में रोष

**बराड़ा।** हिसार के रायपुर से चड़ीगढ़ की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 64563 वीरवार को फिर निर्धारित समय से सवा तीन घंटे की देरी से अंबाला रेलवे स्टेशन पर पहुंची। बता दें कि इस ट्रेन का अंबाला छावनी स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह 7. 20 बजे और प्रस्थान का समय 7. 30 बजे निर्धारित है लेकिन वीरवार को यह ट्रेन 10.35 मिनट पर ही अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है कि यह ट्रेन लेट हुई हो। जब से इस ट्रेन को रायपुर से चलाया जाने लगा है यह ट्रेन अंबाला कैंट पहुंचने में अक्सर लेट हो रही है। ट्रेन के समय पर अंबाला कैंट न पहुंचने के कारण ऑफिस, स्कूल और अन्य कार्यस्थलों तक पहुंचने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस ट्रेन के देरी से आने के कारण चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों को समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंच पाने की शिकायत करते देखा गया। कई दैनिक यात्रियों ने बताया कि वे मजबूरी में ऊंचाहार एक्सप्रेस का सहारा लेकर चंडीगढ़ पहुंचे। कुछ यात्री तो पिछले सप्ताहों में हुई ट्रेन की देरी की वजह से पहले ही रोडवेज बस जैसे अन्य वैकल्पिक यात्रा के साधनों की तलाश में थे। बता दें कि इस ट्रेन के लेट होने के कारण बीतें दिनों दैनिक यात्रियों ने वंदे भारत व एक अन्य एक्सप्रैस ट्रेन को रोककर विरोध भी जताया था। इसके बावजूद रेलवे की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। दैनिक यात्रियों ने रेलवे से पुरजोर मांग की है कि इस रूट पर इस ट्रेन के संचालन में सुधार किया जाए ताकि लोग समय पर अपने काम पर पहुंच सकें।

## नियमित सफाई के लिए चलाया जाएगा अभियान, एसडीएम दिखे हरकत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



एसडीएम शाश्वत सांगवान कार्यभार संभालते ही हरकत में नजर आए। उन्होंने कस्बे की सड़कों की सुरक्षा, स्वच्छता और नशा मुक्ति को लेकर प्रशासन की आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी सांझा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर की गलियों और नालों की नियमित सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही नशा मुक्ति को लेकर भी जनसहभागिता से एक सशक्त अभियान शुरू किया जाएगा। एसडीएम सांगवान ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य पूरे प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित और नशा मुक्त बनाना है, और इसी दिशा में प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे व पॉलीथिन को नालियों में न फेंके। आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कहीं भी पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि जब हम अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखते हैं तभी बीमारियों से बचाव संभव होता है। इस दौरान एसडीएम ने नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली।



**नारायणगढ़।** सूरजमुखी की खरीद करते एजेंसी के अधिकारी।

## सूरजमुखी की खरीद शुरू, पहले दिन 300 क्विंटल फसल खरीदी

**नारायणगढ़।** अनाज मंडी से आखिरकार सूरजमुखी की सरकारी खरीद आरंभ हो ही गई। इस संदर्भ में स्टेट वेयरहाउस के स्थानीय मैनेजर विशाल ने बताया कि वीरवार को अनाजमंडी से लगभग 300 क्विंटल सूरजमुखी की खरीद सरकारी दर 7280रू प्रति क्विंटल की दर से की गई। उन्होंने कहा कि यह खरीद आगे भी जारी रहेगी। यहां यह बता दें कि प्रदेश सरकार ने मंडियों में सूरजमुखी की सरकारी खरीद 1 जून से आरंभ करने के आदेश दिए थे। अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद का जिम्मा प्रदेश सरकार ने वेयरहाउस को दिया हुआ था।

### 15 जून से पहले न करें धान की रोपाई : डॉ. मनीष वत्स

**पिहोवा।** उपमंडल कृषि अधिकारी डा. मनीष वत्स ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी किसान 15 जून से पहले धान की रोपाई न करे। हरियाणा सरकार द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से हरियाणा उप-मृदा जल संरक्षण अधिनियम 2009 लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत जल संचयन और संरक्षण के लिए धान की रोपाई के समय का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। धान की रोपाई 15 जून से पहले करने से जल की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है, जिससे उप-मृदा जल स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी किसानों से अनुरोध है कि वे धान की रोपाई 15 जून के बाद ही करें। इस अधिनियम के अंतर्गत 15 जून से पहले रोपाई करने वाले किसानों के विरुद्ध 10000 रुपए प्रति हैक्टर जुमार्ना एवं सजा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त 15 जून से पहले धान की रोपाई करने वाले किसानों की रोपित धान की फसल को भी नष्ट किया जाएगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों की शिकायतें सुनकर समाधान के दिए निर्देश

# राहुल गांधी सबसे पहले अपने फॉर्मूले घर में लागू कर सफाई करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मुलाकात उनकी समस्याएं सुनकर समाधान किया। लोगों ने बिजली, पानी,पंचायत व अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं पूर्व मंत्री के सामने रखी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत निर्देश देते हुए शिकायतों का निपटारा मौके पर ही करवा दिया।

इस अवसर पर असीम गोयल ने कहा, 'जन सेवा ही नायब सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।' इसके लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि वे नियमित रूप से जनता से सीधा संवाद बनाए रखने के लिए इस प्रकार की बैठकों का आयोजन करते रहेंगे ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने कांग्रेसी युवराज राहुल गांधी को बड़ी नसीहत दे डाली।

असीम गोयल ने शायराना अंदाज में कहा कि राहुल गांधी सब कुछ लुटाकर होश में आए तो क्या आए। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी को अपने फॉर्मूले अपने घर से लागू करने चाहिए। अपने घर से सफाई शुरू करनी चाहिए। इस दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सिरसा सांसद कुमारी सैलजा कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री होने के साथ साथ समाज में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है। यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है लेकिन जिस प्रकार से कुमारी सैलजा को आगे न बढ़ने दिए जाने के लिए टारगेट करके बयानबाजी की गई, उस पर कांग्रेस को एक्शन जरूर लेना चाहिए। गोयल ने सुरजेवाला पर तंज कसते हुए सुरजेवाला को अंतर्राष्ट्रीय ट्वीट गुरु बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रदेश आए थे और अपनी नौकरी बचाने के लिए सुरजेवाला को कुछ न कुछ तो कहना ही था। गोयल ने कहा कि सुरजेवाला को खतरा है कि कहीं इनकी स्थायी नौकरी न चली जाए।